But if God help us, if the Naxalite movement ever catches on, it will split the country in half. You won't be able to go from Delhi to Calcutta or from Bombay to Madras if this movement ever catches on. So, I do think that a lot more urgency, a lot more coordination and a lot more effort and attention must be devoted, from now onwards, on containing the Naxalite movement. I do not see any evidence of that at present. I see each State making individual efforts on its own pattern. These are scattered; these are inadequate, and unless the Central Government manages to get the States act in coordination, I am afraid, Sir, given a few more years, the country will have to pay a very, very heavy price.

Again, Madam Vice-Chairperson, through you, I would like to reiterate that the Naxalite movement would not go away unless its root causes are examined and addressed. One of the root causes of the Naxalite movement is continuous neglect, for the last 55 years, of the tribal regions of this country. They are almost exclusively focussed in areas where there are tribals. There must be some reason for that. It is because the successive Governments and the successive States have treated our tribal population as second-class or third-class citizens. This will not do. While elections will continue to be fought on various reasons, the development will/shall continue to be an election issue. But I do feel that unless this Government or the previous Governments fail to deliver on development for the tribal regions, we will face this catastrophe again. So, I would repeat a suggestion,

which I have been trying to make wherever I have been able to put it across, please do seriously consider converting of these tribal areas into special development zones into which Central/State resources must be funnelled, and some kind of a *modus operandi* must be worked out where these development efforts are monitored from at frequent intervals so that those particular trouble spots can be brought up and, hopefully, the root causes like the sense of injustice of Naxalite troubles, which these regions are suffering under, can be dealt with. I am, by no means, suggesting that a purely law and order approach should be taken towards the Naxalite problem. But it has to be both.

One cannot be at the cost of the other. So, I do think that unless we focus our attention on this, unless the Centre and the State Governments work together, the internal security situation of the country can't be improved. Thank you.

श्री राजीव शुक्ल (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदया, धन्यवाद। इस बहस की शुरुआत जब अरूण शौरी जी ने की थी, तो मुझे उनकी बात से लगा कि वे कह रहे हैं कि सिचुएशन खराब है, लेकिन बद से बदतर नहीं हुई है, और उन्होंने एक ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सरला माहेश्वरी): कृपया सदन में व्यवस्था बनाए रखें।

श्री राजीव शुक्ल: उन्होंने सीधे तौर पर सारी बातें रखी थीं कि क्या स्थिति है और हम भी उससे सहमत थे। लेकिन आज के एक राष्ट्रीय दैनिक में मैंने उनका लेख पढ़ा। ऐसा लग रहा है कि जब से यह सरकार आई है, छः महीने में, राष्ट्रीय सुरक्षा ध्वस्त हो गई है, सब कुछ खत्म हो गया है, जैसे बिल्कुल आसमान गिर गया है। छः महीने में हो क्या गया है? मैं यह पूछना चाह रहा हूं कि छः महीने में क्या हो गया है जो पिछले छः साल में नहीं हुआ था? इंडियन एक्सप्रेस में ...(**व्यवधान**)... मैं पिछले छः साल की बात कर रहा हूं, क्योंकि छः साल वाले आरोप लगा रहे हैं। जैसे पता नहीं कि राष्ट्रीय सुरक्षा की बहस हो रही है तो क्या हो गया है, यह समझ में नहीं आ रहा है। क्या संसद पर हमला हो गया पिछले छः महीने में? पिछले छः साल के दरमियान हुआ था। क्या आई.सी. 814 का अपहरण हो गया-जो पहले हुआ था? क्या कोई कारगिल हो गया- जो पहले हुआ था? ...(**व्यवधान**)... जब होगा, तब देखेंगे। क्या हम कंधार में जाकर आतंकवादी सौंप आए? नहीं। क्या जानवरों की तरह बी.एस.एफ. के लोगों को लटकाकर बंगलादेश के बॉर्डर पर ले जाया गया? वहां के लोगों ने हमारे बी.एस.एफ. के लोगों को मारा था, ऐसी कोई घटना भी नहीं हुई। आई.एस. आई. पिछले छः साल में जितनी बढ़ी, शायद कभी बढ़ी होगी, जब से आई.एस.आई. बनी है पाकिस्तान में, और व्हाइट पेपर लाने का वादा किया था पिछली सरकार ने, आज तक कोई व्हाइट

पेपर वे नहीं लाए। कश्मीर में रोज़ एक आर्मी कैंप पर हमला हुआ करता था, प्रो-एक्टिव पॉलिसी की बात होती थी कि हमारी प्रो-एक्टिव पॉलिसी होगी लेकिन उसके बाद? हॉट परस्यूट प्रो-एक्टिव लेकिन क्या हुआ उसके बाद? कश्मीर में लगातार आतंकवादी घटनाएं बढ़ती गईं। गुजरात में जो कुछ हुआ, उस पर मैं बोलना नहीं चाहता हूं, वरना शोर-गुल शुरू हो जाएगा। हमारे मित्र अरूण जेटली जी उधर बैठे हैं। इन सबको पता है कि पिछले छः महीने के अंदर ऐसा कोई गुजरात कांड भी नहीं हुआ, गोधरा-कांड भी नहीं हुआ, कोयम्बटूर का ब्लास्ट भी नहीं हुआ और किसी ग्राहम स्टेन्स को भी उड़ीसा में नहीं जलाया गया। तो क्या ऐसी बात हो गई, कौन सी ऐसी आफत आ पड़ी, कौन सा पहाड़ छः महीने में टूट गया कि सरकार बदलते ही लगता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़ गई? सब बैठे हुए हैं, पूरा देश सत्यानाश हुआ जा रहा है, पता नहीं, क्या हुआ? यह क्या बात है मेरी समझ में नहीं आ रहा है।

महोदया, पिछले छः महीने में जो कुछ हुआ है, वह अगर मैं आपको बतांऊ तो कश्मीर की स्थिति में जबरदस्त सुधार हुआ है, नॉर्थ-ईस्ट की स्थिति में जबरदस्त सुधार हुआ है और देश की जो सामान्यतः कानून और व्यवस्था की स्थिति है, उसमें बहुत सुधार हुआ है। अगर मैं कश्मीर के कुछ आंकड़ों पर जाना चाहूं तो इनफिल्ट्रेशन में 50 प्रतिशत की कमी हुई है। वर्ष 2003 में 1211 इनफिल्ट्रेशन के जो केसेज थे, वे 496 रह गए हैं। किलिंग्ज के 23 परसेंट इंसिडेंट्स कम हुए हैं। सिक्योरिटी फोर्सेज की हत्या में 40 परसेंट की कमी आई है। ...(व्यवधान)...

श्री संजय निरुपम (महाराष्ट्र): पांच महीने में?

श्री राजीव शुक्ल: छः महीने तो हमारे हुए न, मैं तुम्हारे वाले की बात नहीं कर रहा हूं। ...(व्यवधान)...

एक माननीय सदस्य: ये हमारे-तुम्हारे क्या हो रहा है?

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सरला माहेश्वरी): कृपया आपस में बातचीत न करें।

श्री राजीव शुक्ल: अरे भाई, हमारे-तुम्हारे तो यही है। मैडम, आज कश्मीर में टेररिस्ट्स की जगह टूरिस्ट्स आ रहे हैं। किसी होटल में जगह नहीं है, एयरलाइन्स में सीटें नहीं मिल रही हैं, और यहां तक कि-मैं सिर्फ श्रीनगर की बात नहीं कर रहा हूं-हाउस-बोट्स पूरे भरे हुए हैं, वहां की आर्थिक स्थिति में भारी सुधार हो रहा है। कश्मीर को अगर आर्थिक दृष्टि से देखें, हत्याएं रुकने की दृष्टि से देखें, आर्म्ड फोर्सेज पर हमलों में कमी की दृष्टि से देखें तो काफी इंप्रूवमेंट है। लेकिन मैं यह कहता हूं, और फारूख साहब भी यहां बैठे हैं, कोई ऐसी बात नहीं है कि सब कुछ ठीक हो गया है, सब कुछ हरा-हरा हो गया है या मैं कोई रोजी पिक्चर पेंट करने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन निश्चित रूप से सुधार हुआ है, यह बात मैं कहना चाहता हूं। कोई पहाड़ नहीं टूट गया है देश की आंतरिक सुरक्षा के मामले में।

मैडम, प्राइम मिनिस्टर कश्मीर गए थे। वहां उन्होंने एक नया प्रयास शुरू किया कश्मीर के लोगों को जोड़ने के लिए। उन्होंने वहां पर मीटिंग्ज़ कीं। ...(**व्यवधान**)...

श्री रुद्रनारायण पाणि (उड़ीसा): प्रधान मंत्री जी के जाने से पहले क्या हुआ था?

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सरला माहेश्वरी): कृपया आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री रुद्रनारायण पाणि (उड़ीसा): प्रधान मंत्री जी के जाने से कितने घंटे पहले क्या हुआ?

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सरला माहेश्वरी): बीच में व्यवधान मत डालिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री राजीव शुक्ल: भुवनेश्वर में क्या हुआ आप बताइए। वहां उन्होंने लोगों को जोड़ने की कोशिश की। और मैडम जहां तक नॉर्थ-ईस्ट का प्रश्न है, वहां भी 27 प्रतिशत किलिंग्स में कमी आई है। नागालैंड में ...(**व्यवधान**)... नागालैंड के जो गुट थे या ग्रुप थे, उनकी भारत सरकार के साथ बातचीत हुई है, वहां भी सुधार हुआ है। तब कुल मिलाकर अगर स्थिति देखी जाए तो कश्मीर व नागालैंड, नार्थ-ईस्ट, दोनों जगह ज़बर्दस्त सुधार हुआ है। जहां तक नक्सलियों का प्रश्न है, प्रधान मंत्री जी ने स्वयं कहा है कि जो हथियार और हिंसा का त्याग करेंगे, वे उनसे बातचीत करने के लिए तैयार हैं। इससे अच्छी और क्या नीति हो सकती है? इसका तो स्वागत करना चाहिए, जैसा कि फारुख अब्दुल्ला साहब ने अभी मेज़ थपथपा कर किया। इसका तो सभी को स्वागत करना चाहिए कि हम सब लोगों को साथ में लाकर मुख्य धारा के साथ जोड़ कर चलना चाहते हैं और हिंसा में, कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हो रहा है, हिंसा में कमी आ रही है। इससे अच्छी और क्या बात हो सकती है। एक वक्ता ने अभी उधर से कहा था, उस दिन मैं सुन रहा था कि इस सरकार को बहुत जल्दी है पाकिस्तान के साथ दोस्ती करने की। ऐसी कोई बात नहीं है, पाकिस्तान के साथ दोस्ती करने की कोई जल्दी नहीं है। भारत देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही यह सरकार पाकिस्तान के साथ बातचीत करती है और कांग्रेस की यह नीति हमेशा से ही रही है। हम ऐसा नहीं करते कि एक तरफ कारगिल में लोग घुस जाएं और उधर से हम बस लेकर घुसें। ऐसा संभव नहीं है। इसलिए ...(**व्यवधान**)... हां वहीं, तब तैयारी चल रही थी, फारुख साहब, जब इधर हम घुस रहे थे उधर वे घुस रहे थे। तब वह तैयारी पहले से चल रही थी। यहां तक कि अभी जब पाकिस्तान के विदेश मंत्री आए थे, उनका बयान तो आपने सुना ही होगा कि उन्होंने क्या कहा था कि हमको प्रधानमंत्री के रूप में वाजपेयी जी ज्यादा सूट करते थे। तब अगर जल्दबाज़ी वाली बात है तो उनका बयान ही इस बात का उत्तर देता है कि पाकिस्तान को कौन ज्यादा सूट करता था। लेकिन पाकिस्तान के साथ, हमारे विदेश मंत्री जी ने स्पष्ट कहा कि हमारी यह नीति रहेगी कि उनके साथ हम दोस्ती रखेंगे। उनके साथ चाहे व्यापारिक संबंध हों, चाहे आर्थिक संबंध हों या फिर सामरिक संबंध हों, हम जोड़ने की कोशिश करेंगे, लेकिन भारत देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए। इसलिए मैं समझता हूं कि

इस देश की आंतरिक सुरक्षा में पिछले छ: महीनों में भारी सुधार हुआ है और मुझे नहीं लगता कि इसमें कही से भी किसी आलोचना की गुंजाइश है।

श्री मुख्तार अब्बास नकवी (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। आंतरिक सुरक्षा के सवाल पर इससे पहले कई माननीय सदस्यों ने बात की, उनमें जो दो प्रमुख बातें हैं, सारे सदन को, सभी वक्ताओं को एक चिंता जरूर है कि आंतरिक सुरक्षा मज़बूत हो, आंतरिक सुरक्षा का पहरा, जो राजद्रोही हैं, जो देश को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, उन लोगों पर कड़ा हो। जब बात इस छमाही के इम्तिहान की आती है, जैसा कि अभी राजीव जी कह रहे थे कि छमाही में हो क्या गया, इस सरकार ने ऐसा क्या कर दिया कि ऐसा लग रहा है कि छमाही में सब कुछ बदल गया, तो डेफिनेटली अगर छमाही और छमाही के इम्तिहान की बात आएगी तो इस सरकार और इस सरकार के रिपोर्ट कार्ड पर यदि सौ में से नम्बर देने होंगे तब पांच से ज्यादा नही मिल सकेंगे। इसलिए नहीं कि यह सरकार और इस सरकार में जो लोग शामिल हैं, उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा के प्रति उतनी ही चिंता हो, उतना ही सरोकार हो, जितना पहले हमारी सरकार का था, लेकिन निश्चित तौर से नीतियों में स्पष्टता नहीं है। निश्चित तौर पर जो राजद्रोही लोग हैं, उनके प्रति किस प्रकार सख्ती से निपटा जाए, उसमें स्पष्टता नहीं है और आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के सवाल, उपसभाध्यक्ष जी, हमेशा स्पष्ट और राजनैतिक इच्छा शक्ति की मजबूती के साथ चलती है। अगर आप इस सरकार का छमाही का रिपोर्ट कार्ड देखें, मैं उसकी कोई आलोचना नहीं कर रहा हूं, इस छमाही में जो कुछ घटनाएं हुई हैं, मुझे लगता है कि उन घटनाओं की कभी भी, किसी भी रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहतर नहीं कहा जा सकता। कल ही जब गृहमंत्री जी लोकसभा में घुसपैठ के मुद्दे पर, आतंकवाद के मुद्दे पर क्लीन चिट दे रहे थे और कह रहे थे कि घुसपैठ कम हुई है, आतंकवाद कम हुआ है, कमजोर हुआ है, तब उसी समय असम में आठ जगहों पर बम विस्फोट की घटनाएं हो रही थीं। जिस समय गृह मंत्री जी दूसरे सदन में कह रहे थे कि आतंकवाद की घटनाएं कम हुई हैं, आतंकवाद कम हुआ है, आज मैं देख रहा था कि वे उसके आंकड़े भी दे रहे थे, उसी समय रिपोर्ट्स आ रही थीं कि पाकिस्तान ऑक्युपाइड कश्मीर में, मीरपुर में, ब्रिटेन अपना दूतावास खोलने की बात कर रहा है। यह दोनों सदनों का एक संयुक्त प्रस्ताव है कि पाकिस्तान ऑक्युपाइड कश्मीर हिन्दुस्तान का अभिन्न हिस्सा हैं। इसके बावजूद अगर वहां पर ब्रिटेन का स्थायी या अस्थायी दूतावास खुलने की बात हो रही हो और उसके बाद कहा जा रहा हो कि आतंकवाद कम हो रहा है, कमजोर हो रहा है, सीमा पार से आतंकवादी घटनाएं रुक रही हैं, कम हो रही हैं, तो मुझे लगता है कि यह किसी भी रूप में, किसी भी तरह से इस सरकार और इस सरकार की राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय हितों की नीतियों पर कई तरह से प्रश्न चिह्न लगाने वाली नीतियां रही हैं। पोटा और कई अन्य सवालों पर गृह मंत्री और कई अन्य वक्ताओं ने बात की। मुझे लगता है कि यह पोटा के मैरिट, डीमैरिट पर बहस का

4.00 P.M.

समय नहीं है, लेकिन अगर आप अपने सुरक्षा बलों को जंग लगा हथियार देकर कहेंगे कि आप आतंकवादियों से लड़ो, अगर आप अपने सुरक्षा बलों को ऐसे हथियार, जो म्युजियम में रखने लायक हैं, उन्हें देकर कहेंगे कि आतंकवाद को खत्म करो, तो यह संभव नहीं होगा। जब मैं जंग लगा हथियार कह रहा हूं और म्यूजियम में रखने वाला हथियार कह रहा हूं तो मैं कोई गोली, बंदूक या तोप की बात नहीं कर रहा हूं, मैं बात कर रहा हूं उन कानूनों की, जो कानून आक्रामक ढंग से, मजबूती के साथ आतंकवाद को कुचल सकते हैं । वे कानून जो कहीं न कहीं घुसपैठ को बढ़ावा दे रहे हैं, मैं उन कानूनों को खत्म करने की बात कर रहा हूं। लेकिन आतंकवाद को कुचलने की बजाय, कमजोर करने की बजाय, उन्हें डीमोरेलाइज करने की बजाय, यह सरकार आते ही घोषणा करती है कि पोटा हटा दिया जाएगा, पोटा से मानवाधिकार को नुकसान हो रहा है। पोटा हटाया जाता है, उसके बाद एक वैकल्पिक कानून लाया जाता है। आई॰एम॰डी॰टी॰ एक्ट के बारे में पिछली एन॰डी॰ए॰ की सरकार ने तमाम खामियों को देखने के बाद कहा कि आई॰एम॰डी॰टी॰ एक्ट किसी तरह से घुसपैठ रोकने में सफल नहीं हुआ है, इसको खत्म करना चाहिए। लेकिन यह सरकार आती है और कहती है कि नहीं, आई॰एम॰डी॰टी॰ एक्ट बिल्कुल ठीक है, इससे घुसपैठ रुक रही है और झाड़-पोंछकर, ठीक करके आई॰एम॰डी॰टी॰ एक्ट फिर से जिंदा किया जाता है। मेरा केवल इतना कहना है कि जब तक मतबूत राष्ट्रवादी, राजनैतिक इच्छाशक्ति सरकार में नहीं होगी, तब तक घुसपैठ और आतंकवाद को खत्म करना आसान काम नहीं होगा। घुसपैठ और आतंकवाद कोई ऐसा जिन्न नहीं है कि उसे पकड़कर बोतल में बंद कर दिया और घुसपैठ और आतंकवाद खत्म हो गया। आज छह महीने के इस सरकार के कार्यकाल में मैं यह नहीं कहता कि गृहमंत्री जी बहुत संवेदनशील या बहुत अनुभवी नहीं हैं, हो सकता है कि वे प्रयास भी कर रहे हों, लेकिन जो प्रयास हो रहे हैं, उन प्रयासों में कहीं न कहीं कोई खामी है। उन प्रयासों में कहीं न कहीं कोई कमजोरी है, उन प्रयासों में कहीं न कहीं राजनैतिक इच्छाशक्ति की कमी है। अगर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद कम होने की बात हो रही है, तो मैं इसे मानने के लिए तैयार नहीं हूं, हो सकता है कि यह आंकड़ों में कम हो रहा हो। जम्मू-कश्मीर में हर दूसरे दिन आतंकवादी घटनाएं दिखाई पड़ रही हैं। जम्मू-कश्मीर में हर दूसरे दिन राजनैतिक लोगों पर हमले हो रहे हैं। जिस राजनैतिक प्रक्रिया के तहत जम्मू-कश्मीर के हालात को बेहतर बनाने का काम पिछली सरकार ने किया था, जिन राजनैतिक हालातों को बेहतर बनाकर वहां के आम लोगों को प्रोग्रेस की मेन स्ट्रीम में शामिल करने का काम पिछली सरकार ने शुरू किया था...। अगर उन राजनीतिक हालातों को ही बदतर बना दिया जाएगा, तो फिर इस बात की अपेक्षा करना, इस बात की उम्मीद करना कि जम्मू-कश्मीर में हालात ठीक हो रहे हैं या वहां पर आतंकवादी खत्म हो रहे हैं या सीमा पार से आतंकवाद खत्म हो रहा है, मेरा मानना है कि यह ठीक नहीं है। डा॰ फारूक अब्दुल्ला साहब यहां बैठे हुए हैं, अभी पिछले दिनों ही खुद उनके ऊपर, उनके साथियों के ऊपर हमले हुए, कई और राजनीतिक नेताओं पर हमले हुए। बात होती है कि बातचीत की जाएगी, तो बातचीत के प्रतिनिधि कौन होंगे? जब

राजनीतिक प्रक्रिया शुरू हो रही है, तो जो चुने हुए लोग हैं, वे भी बातचीत का हिस्सा होने चाहिएं लेकिन सरकार ने कभी इस बात का स्पष्टीकरण नहीं दिया। सरकार हमेशा कहती रही कि ''हुरियत'' से बातचीत होगी, अलगाववादियों से बातचीत होगी, इनसे बात होगी, उनसे बात होगी, लेकिन बातचीत किस दायरे में होगी और कौन लोग प्रमुख रूप से बातचीत का हिस्सा होंगे? वे लोग बातचीत का हिस्सा होंगे, जो कि जनता के द्वारा चुने गए हैं, जो जनता के प्रतिनिधि हैं, या वे लोग बातचीत का हिस्सा होंगे, जिन्होंने चुनावों का बहिष्कार किया, राजनीतिक प्रक्रिया का बहिष्कार किया? क्या वे लोग जनता के प्रतिनिधि हैं? वे लोग पाकिस्तान जाकर, पाकिस्तान की शर्तों पर हिंदुस्तान से बात करेंगे। अगर यह सीमा पर आतंकवाद को खत्म करने का तरीका है, तो मुझे लगता है कि यह तरीका ठीक नहीं है। इस तरीके से सीमा पार आतंकवाद खत्म नहीं होगा, बल्कि सीमा पार आतंकवाद को इससे और आक्सीजन मिलेगी।

महोदया, कुछ साथी कह रहे थे कि रोज़ी, रोटी, रोज़गार की कमी की वजह से आतंकवादी बढ़ गए हैं। कल गृह मंत्री जी का बयान मैंने देखा, उन्होंने कहा कि जो घुसपैठिए हैं, जो लोग घुसपैठ करके आ रहे हैं, वे यहां पर रोज़ी-रोटी कमाते हैं और चले जाते हैं, इसलिए कई ऐसे लोग आ रहे हैं। मेरा मानना है और हिंदुस्तान के लोकतंत्र का इतिहास गवाह है कि रोज़ी, रोटी और बेरोज़गारी ने कभी भी आतंकवाद को जन्म नहीं दिया है, क्रांति को जन्म दिया है, इसके कारण क्रांति हो सकती है लेकिन आतंकवाद उसका justification नहीं है। अगर उसका justification कोई कहता है कि...

गृहमंत्री (श्री शिवराज वी॰ पाटिल): आप कह रहे हैं कि मैंने कुछ तो कहा, मैंने वैसा नहीं कहा, इसलिए मुझे यह बताना पड़ेगा कि ये जो घुसपैठिए हैं, वे रोज़ी-रोटी के लिए आ रहे हैं, ऐसा मैंने नहीं कहा है।

श्री मुख्तार अब्बास नकवी: ऐसा आज अखबारों में आया है।

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: अखबारों में तो आप जो बोलते हैं, वह आता है।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सरला माहेश्वरी): चलिए, मंत्री जी ने बता दिया कि उन्होंने क्या कहा था।

श्री मुख्तार अब्बास नकवी: मेरा यह मानना है कि रोज़ी, रोटी या गरीबी के कारण कभी भी आतंकवाद का जन्म हो, इसका justification न तो सरकार, न ही कोई भी व्यक्ति कर सकता है, अभी किसी सदस्य ने भी यह बात कही थी।

अब जहां तक घुसपैठ का सवाल है, घुसपैठ एक ऐसा महत्वपूर्ण मुद्दा है, एक ऐसा ज़हर है, देश के लिए ऐसा खतरा है, जिसे आसानी से नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता है। आज करोड़ों की संख्या

में हमारे यहां घुसपैठिए आ गए हैं, आज करोड़ों की संख्या में आए हुए ये घुसपैठिए, यहां की आर्थिक व्यवस्था, सामाजिक व्यवस्था, राजनीतिक व्यवस्था के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहे हैं उसके बाद अगर यह कहा जाए, घुसपैठ को वोट की नज़रों से देखा जाए, घुसपैठ को किसी ऐसे रूप में देखा जाए, जिससे राजनीतिक फायदा और नुकसान का आकलन हो रहा हो, तो वह ठीक नहीं है। अगर इसको राष्ट्रीय हित के चश्मे से देखा जाएगा, तो मुझे लगता है कि घुसपैठ के मुद्दे पर न्याय किया जा सकता है। जब यह सरकार आई थी तो उसने 6 महीने के अंदर , बिना सिक्योरिटी एजेंसीज़ की रिपोर्ट को देखे हुए, बिना सिक्योरिटी एजेंसीज़ की चिंता को देखे हुए, POTA को खत्म कर दिया, बिना असम के लोगों की चिंता को देखे हुए, नार्थ-ईस्ट के लोगों की चिंता को देखे हुए, IMDT Act को झाड़-पोंछकर खड़ा कर दिया, यह मजबूत राजनीतिक और राष्ट्रवादी इच्छा-शक्ति का परिचायक नहीं है और मेरा मानना है कि ये ऐसी चीजें हैं, जो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा को कहीं न कहीं चिंता में डाल रही हैं। सरकार ने घुसपैठ और आंतकवाद के मुद्दे पर कई बार ऐसी बातें इन 6 महीनों में कही हैं, सरकार के अलग-अलग मंत्रियों ने कही हैं। एक मंत्री कहते हैं कि घुसपैठ खत्म हो रही है, घुसपैठिए भाग रहे हैं, घुसपैठ में कमी आई है, उसी सरकार के दूसरे वरिष्ठ मंत्री कहते हैं कि नहीं, घुसपैठ खत्म नहीं हो रही है, घुसपैठिए बढ़ रहे हैं.....

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: आप कृपा करके मुझे बोलने दीजिए। ये जो tactics हैं, अगर आप इन्हें न अपनाएं तो अच्छा रहेगा।

श्री रवि शंकर प्रसाद: (बिहार) माननीय गृह मंत्री जी मुझे क्षमा करेंगे , मैंने आप दानों का वक्तव्य सुना है, मैं बड़ी विनम्रता से कहूंगा कि उनमें जरूर कुछ अंतर है।

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: मुझे बोलने दीजिए। प्रणब मुखर्जी यहां पर बोल रहे थे, मैं यहां पर बैठ कर सुन रहा था। उन्होंने कहा कि सितम्बर में जो घुसपैठिए आए हैं, उससे ज्यादा अक्टूबर में आए। आप कहने जा रहे हैं कि प्रणब मुखर्जी कह रहे हैं कि घुसपैठियों की संख्या बढ़ गई और होम मिनिस्ट बोल रहे हैं घुसपैठियों की संख्या बढ़ गई। ये इस प्रकार से टैक्टिक्स करके हम लोगों में आप क्या झगड़ा लगाना चाहते हैं?

श्री रवि शंकर प्रसाद: हमने आपकी सप्लीमेंटरी का उत्तर भी सुना और आदरणीय प्रणब मुखर्जी साहब की सप्लीमेंटरी का उत्तर भी सुना और हम लोगों की समझदारी बड़ी जिम्मेदारी से बनी कि आप दोनों में अन्तर है। ...(व्यवधान)

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: सारी चीजें रेकार्ड में हैं और रेकार्ड की बात अगर हम लाना चाहें तो ब्रीच ऑफ प्रिविलेज के माध्यम से भी ला सकते हैं। यह रेकार्ड में है।

श्री मुख्तार अब्बास नकवी: रेकार्ड में यह भी है कि सदन और सदन के बाहर भी अलग-अलग

बयान दिए गए हैं। खास तौर से सदन के बाहर तो बयान दिए गए हैं अलग-अलग और कभी-कभी तो सदन चल रहा होता है...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सरला माहेश्वरी): नकवी साहब, आपका समय खत्म हो रहा है।

श्री मुख्तार अब्बास नकवी: और इस सरकार के मंत्री ज्यादा बयान देते हैं, आपके एमओएस सदन के बाहर ज्यादा बयान देते हैं तो इसलिए इस तरह के प्रिविलेज की भी बात होगी।

उपसभाध्यक्ष: आप कृपया समाप्त करें।

श्री मुख्तार अब्बास नकवी: सदन के बाहर बयान देना और सदन चल रहा है तो मुझे लगता है कि वे भी इस सीमा में आते हैं। मैं केवल इस बात को कह कर अपनी बात खत्म करूंगा कि आन्तरिक सुरक्षा या राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति देश चिन्तित है। सभी राजनीतिक पार्टियों में बराबर की चिन्ता है। हम किसी रूप में इसे राजनीतिक प्रतिद्वन्द्विता या राजनीतिक द्वेष का हथियार बनाने के पक्षधर नहीं हैं। हो सकता है कि सरकार की नजर में राष्ट्रीय सुरक्षा और आन्तरिक सुरक्षा राजनीतिक चश्मे से ज्यादा देखी जाती हैं, लेकिन हमारा केवल इतना अनुरोध है कि जब राष्ट्रीय सुरक्षा और आन्तरिक सुरक्षा का मुद्दा हो, तो ऐसे मुद्दे पर सरकार, जैसा कि हमारे अहलुवालिया जी ने कहा कि जो विपक्ष के लोग हैं, अगर उनके भी कुछ बेहतर सुझाव हैं, तो उनको देखें। ऐसा नहीं है कि आंख बन्द करके पोटा खत्म करना है तो बिना सुझाव के खत्म कर दिया, पोटा खत्म करना है तो सिक्युरिटी एजेंसी की बात को अनदेखा करके खत्म कर दिया। इसलिए सारे लोगों के सहयोग, सारे लोगों को विश्वास में लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा और आन्तरिक सुरक्षा के मुद्दे पर देश के सम्मान, देश के स्वाभिमान, देश की गरिमा, देश की अस्मिता, देश की मर्यादा को मजबूत रखने और सुरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए। आपका धन्यवाद, आपने मुझे अपनी बात कहने का अवसर दिया।

उपसभाध्यक्ष: धन्यवाद। डा॰ पी॰ सी॰ अलेक्जेन्डर।

DR. P.C. ALEXANDER (MAHARASHTRA): Madam Vice-Chairman, I would like to begin with a few observations about our general attitude to internal security. As a nation, we have been attaching comparatively less importance to problems relevant to internal security than to external security. Somehow or the other, a philosophy seems to have developed among our people that once we have shaken off the foreign yoke and asserted our right to be our own masters in our own houses, sovereignty will automatically be preserved, security will automatically be part of the element of sovereignty; and, therefore, we are treating internal security as if it is only a law and order problem. Confusing law and order with internal security has been the greatest weakness in our approach to internal security problems. That is my first point.

We are forgetting the lesson of post-World War-II history. If we analyse what has happend to various nations in the post-world War period, we should really be much more concerned on the problem of internal security than what we are today.

What happened to the Soviet Union? What happened to Yugoslavia? What has happened to the numerous States in African continent? States have disappeared. States have got disintegrated, States have failed, new States have emerged and the reason has not been an attack from outside, in most of these cases, In 90 per cent of the cases, where States have failed or fallen or got disintegrated, the real reason has been failure to maintain internal security. That lesson we have not yet understood properly. The second point I want to raise about internal security follows from the first. At the Central level, we think it is only the responsibility of the Home Ministry. At the State level, they think it is the responsibility only of the Home Department. Internal security, Madam, Vice-Chairperson, is not merely a matter for the Home Ministry or the Home Minister. The Education Ministry for example, in my opinion, has an equal reponsibility to ensure internal security because it is only by educating the youth of the country, the young children of the country, on the spirit of true patriotism, on the paramount need of love of one's own country, on the importance of national integration, that we can maintain security. If we know the history of the united States in the early stages of its formation and how will they used schools and syllabi to promote national integration and to build up one nation out of a multitude of the nationals of the world who had chosen to be emigrants to that country, we can learn a lesson from that. But we do not consider education as a tool for national integration or and for maintaining internal security. I do not agree with the comments made either by General Shankar Roy Choudhry or by Shri Ashwani Kumar that this is a matter for the State Governments and therefore we should interfere with the least. I will come to that when I deal with Naxalite problem which is the main subject of my talk today. I am not going to discuss other issues, in the North-East, the religion-based separatist movement in Kashmir or the, narcotism-inspired terrorism in some parts of our country. But I want to bring to the attention of the hon. Home Minister and the Members of the House to my firm conviction that our security is in serious danger because of rise of Naxal movement in the last four-five years. It has been there for the last forty-five years. I know that. But in the last four-five

years, it has really developed into a danger point and if we fail to take note of the danger that we see in the Naxalite movement, I am afraid the consequences would be fatal. I use that word 'fatal' with all sense of responsibility to our future as an integrated nation. Till now, we were mainly concerned about Naxalite movements in Andhra Pradesh; in Bihar; after the separation of Jharkhand, in Jharkhand. But very soon in the last few years particularly, the Naxalite movement has spread its tentacles from Andhra Pradesh, Bihar and Jharkhand to Madhya Pradesh, Uttar Pradesh, Maharastra, West Bengal, Orissa and Chhattisgarh. Nine States are now in the grip of Naxalite movement in our country and there is every trend that I see today of the movement spreading towards Kerala, Tamil Nadu, Karnataka and Uttaranchal. Thirteen States are in serious danger of the Naxal movement, overpowering their States strength and becoming a real danger to existence as an integrated country. 157 out of 593 districts in our country have already been affected in some form or the other. Madam, Vice-Chairperson, I find three recent developments as extremely dangerous. Please don't think that I am exaggerating. I am old enough to be careful about my words and about the language I use to express my sentiments. But with full sense of responsibility I would like to remind the hon. Minister and the hon. Members of the House that we have to take serious note of these three developments.

The first has been the merger of CPI (ML)-PWG and MCC (I) in September, 2004. After the merger of these two groups, the newly found Maoist party has control over 92 per cent of all naxal activities all over the sub-continent of India. That is a very dangerous development we can now say that one party is in full control of the entire naxalite movement in this country.

The second development, has been the sudden triumph or success of the Maoist movement of Nepal in that country. I have already, through a supplementary question in the other day mentioned this fact. But, we have to understand the repercussions of what is happening in our neighbouring State and on our own country, because we cannot wish away our neighbour and by indulging in the niceties of international relationship, we should not igore what is of vital concern to our own country. And, therefore, I wish to do a little plain- speaking about the developments in Nepal.

[MR. CHAIRMAN in the Chair]

Sir, 68 districts out of 75 in Nepal today are in the grip of the naxalites. The real fact is, as has been mentioned in articles-after-articles; by some european Journals the police have withdrawn from rural areas and are concentrating only in the urban areas. In a general way, one can say, the Maoists, today, rule the rural countryside of Nepal, and the Government of that country has control only over the capital city and the urban areas. Where does the danger come out of this? Because, Uttar Pradesh, Bihar, Jharkhand and many other States in our country, have to take serious note of what happens in Nepal. We just cannot say that there is a geographical boundary between one nation and another. What has happened during the last five years in Nepal will have very serious repercussions on our country if we do not give weight to that. Particulary I mention this danger particularly because some of the districts bordering Nepal are really vulnerable to law and order collapse. According to the intelligence reports gathered by sources even from outside our country, the Naxalite Movement in Nepal is slowly moving towards the borders of India. Having achieved what they wanted in Nepal's rural areas, now, they are now turning their attention towards our own boundaries. That is how the concept of revolutionary zone, starting from Nepal, Bihar, covering Jharkhand, certain areas of Dandakaranya, going right down to Andhra Pradesh to other southern States. It is the grand design of the party. Let us not forget this. Full intelligence must e available on what I am talking with our intelligence department and RAW. There has always been a very close interaction between the Naxalite parties in India and the naxal parties in Nepal, not merely on ideological terms or for training of people, but even in exchange of weapons. Now, that there is one united naxal party here, the danger is greater. The third point that I wish to make is with regard to the State of Bihar. I hope my friends from Bihar will not misunderstand me. I have great respect for the people of Bihar. In my younger days the best civil servants of the country came from Bihar. And, we considered them as role models. But today, unfortunately, I am compelled to say that that State which is to take the heaviest load or pressure from across the border is not so dependable a barrier for India, as it should have been or as it should be. Therefore, the State Government of Bihar has to be considerably strengthened in order to fight the menance of Maoism from Nepal.

Sir, I was not at all happy with some parts of the report that the

Ministry of Home Affairs has circulated this morning. I feel particularly unhappy at one paragraph, referring to the peace, talks in Andhra Pradesh. And, I hope, the Home Minister will understand my sentiments when I say it. Referring to the peace talks in Andhra Pradesh, the report of the Home Ministry says, as the conclusion of the meeting of Chief Ministers held in Andhra Pradesh, "If, in its assessment, a State finds the conditions conducive, it may hold peace talks with the Naxal groups in any manner it decides to do so." The State Government can hold peace talks if it decides it is necessary. It can do so in any manner as it thinks to do so! And, then, it says "The purpose of the talks should be to strengthen peace, tranquillity and reduce reliance of Naxal groups on armed struggle." I am really nervous. I hope it is a bad drafting that has excelled in this piece of reporting. How can you say that the Home Ministry is willing to give this freedom to have talks with the naxalities at the time of its choice, at the manner of its liking? How can you say? Secondly, how can you say in the next sentence, as a sort of explanation, that the purpose of the talks should be to reduce the reliance of Naxal groups on armed struggle? Are we here only to reduce that? Or, are we here, in the Home Ministry, or, in this great Parliament to totally eliminate their dependence on armed struggle? Do you condone armed struggle by the Naxalities, whatever may be their ideological pretensions? I say, Can the Government, under any circumstances, say, in a report like this, that our objective is to reduce their dependence? That means they can still have arms. I am sure this is a mistake.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Will you please yield for a moment? Let us understand that this is a gradual process. You are saying that the reliance on the armed struggle by the Naxalites should be ended.

DR. P.C. ALEXANDER: That should be your objective, not reducing the reliance.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: That is the objective. 'Reducing' means you are going gradually. You are talking to them. And, in the first talk you want to see that it is ended. *(Interruptions)*

DR. P.C. ALEXANDER: Sir, I Cannot forget my past. As an old administrator, I would like to advise my young colleagues in the Home Ministry that when you draft, you should put the objective in clear and unambiguous terms; and, don't use words like, "We are going gradually."

They will gradually kill us all. Nobody will be left to talk to them *(Interruptions)* You may reply to me later. *(Interruptions)*

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: No; no, please. This is a very important point. You are concentrating on your point of view. We are hearing very carefully every word that you are saying. And, we are going to act on your advice. You just rely upon that. But let us not interpret the things in such a manner that gives a wrong impression in the country.

DR. P.C. ALEXANDER: No, I will come to that point also. If you allow a State Government ... *(Interruptions)*.. I am now speaking here on the last point of my speech, and you have led me to speak on it now. If you allow the State Government of Andhra pradesh to decide to whom to talk, how to talk, what to talk, when to talk, in any manner as if it is entirely a State subject, I would like to enter very strong reservations on that. You, as the Home Minister, are responsible for the internal security of the entire nation of one billion and 20 million people. And we cannot leave internal security as a matter for the Government of Andhra Pradesh to tackle. What is happening in Andhra Pradesh is affecting all of us. It will affect the people in the whole country. And it is in our interest, the interest of the whole country that you should have a decisive voice as to when, what, how they should talk. You, as the home Minister, should not abdicate; this responsibility and to ... *(Interruptions)*....

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Then, what did we go there for, if we had not to discuss with the Home Ministry? ...*(Interruptions)*...

DR. P.C. ALEXANDER: I thought you went there to ensure ... *(Interruptions)* But, probably, it is ...*(Interruptions)*...

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: We did hold the meeting. We were discussing it. And it is not necessary that all ;that we had discussed in that meeting should be disclosed here. ...*(Interruptions)*...

DR. P.C. ALEXANDER: Unfortunately, when you went there, I don't know what happened between you and the three Chief Ministers of four Chief ministers out of nine who attended that, except from what you have reported in your official statement. I am reading out your report. That is why I say ...*(Interruptions)*... I give you the benefit. ...*(Interruptions)*... It may be poor drafting. ...*(Interruptions)*...

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: I will give the reply when I speak. ...*(Interruptions)*...

DR. P.C. ALEXANDER: The objective should be clear. If you say that slowly we will reach that obejctive, certainly, it is welcome. I would earnestly plead with you that you should take charge of the issue of internal security and continue to be in full charge and not leave it entirely .... *(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Let him finish. ... *(Interruptions)*..

DR. P.C. ALEXANDER: ...to one Government because the simple philosophy is this. If Naxalite movement fails... ... *(Interruptions)*... Its failure in Andhra Pradesh would mean success of the whole Country and the Home Ministry here. Its success in Andhra Pradesh would be having the reverse effect for the whole country. I am not finding fault with you, Mr. Home Minister. I have great respect for you and regard for the high standards of intelligence which you have as a leader. I have great respect for the civil servants working with you. Maybe, it is a drafting blunder. But it sends a wrong message. People will get the impression that you are willing to talk. I will just add one dimension to it.

I now talk as a representative from Maharashtra. The naxals in Two of the districts in Maharashtra, Gadchiroli and Gondia, are just following what their political; masters in the Naxalite movement tell them to do from across the border. They have no local leaders; they just carry out instructions. When the Naxalites are sitting round the table with the Cheif Minister and the senior officers of the Government, in Hyderabad; they are shooting out people in Gondia and in Gadchiroli. They are the same people; udner the same leadership. Therefore, it is not entirely peace talk in Andhra Pradesh. It is not entirely a matter for Andhra Pradesh. It is very much a matter for its neighbouring States and for the whole country. If I have created an impression that I am finding fault with you, Mr. Home Minister, you will be ...*(Interruptions)*...

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: I am very happy that you are raising it. ... *(Interruptions)*...

DR. P.C. ALEXANDER: I am speaking out because I strongly feel that unless we not only speak out, but also act strongly and convey the

message to the Naxalites that "I am going to be in charge of this movement to suppress you activities in this country, I will maintain the integrity and oneness of our nation with all my might," we may end up in a disaster. Thank you very much, Sir.

MR. CHAIRMAN: Mr. Sanjay Nirupam.

THE LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI JASWANT SINGH): Mr. Chairman, Sir, I want to say a word. ... *(Interruptions)* ... My distinguished colleague ... *(Interruptions)*...

SHRI BIMAL JALAN (Nominated): Mr. Chairman, Sir, can I seek a clarificaiton from Dr. P.C. Alexander? ... *(Interruptions)* ... I am thankful for his very powerful speech with which all of us ...*(Interruptions)*... across the House, across the different divisions would agree. ... *(Interruptions)*... Sir, internal security is a most important matter. Sir, my clarification is ... *(Interruptions)*...

AN HON. MEMBER: No. ... *(Interruptions)*...

श्री संजय निरुपम: सर, नहीं नहीं , ऐसे थोड़े ही होता है। ....**(व्यवधान)** जब उनकी बारी आएगी, सभापति जी आज्ञा देंगे, तब बोलना चाहिए। ....**(व्यवधान)** ऐसे थोड़े ही होता है। ....**(व्यवधान)**

श्री संतोष बागड़ोदिया (राजस्थान): बोलने दीजिए ना। ....**(व्यवधान)**

श्री सभापति: लीडर आफ द अपोज़ीशन क्या कह रहे है।? ....**(व्यवधान)** आप बोलिए। ....**(व्यवधान)**

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): May I plead on behalf of the hon. member, if you yield for a minute, Sir? Sir, I am indeed very very happy and grateful to the Members, especially, the senior Members. They have made excellent points and we are going to remember everything they have said. But, at the same time, if there is some exchange of views by seeking some clarfications, it should be encouraged rather than discouraged and the rule provides that a Member can seek explanation from another Member also ... *(Interruptions)*...

SHRI SANJAY NIRUPAM: There is no such rule... *(Interruptions)*..

श्री संतोष बागड़ोदिया: सर, आपने एलाउ किया है। .....**(व्यवधान)**

श्री सभापति: आप बैठिए-बैठिए, अभी मैं एलाउ नहीं करुंगा। ....**(व्यवधान)** आप बोलिए।